समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# मुंबई लोकल ट्रेन हत्याकांड : बोरीवली से मीरा रोड, फिर पनवेल तक भागा आरोपी, 15 घंटे मे पुलिस ने ऐसे दबोचा

Sanket Morankar

Published on 25 Jun 2026



मुंबई लोकल ट्रेन में 22 वर्षीय युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने महज 15 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर दिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी **रोशन सुवर्णा (30)** घटना के बाद बोरीवली से मीरा रोड पहुंचा, वहां से पनवेल जाने के बाद शहर छोड़ने की तैयारी कर रहा था। हालांकि, तकनीकी जांच और सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस ने उसे पनवेल रेलवे स्टेशन से हिरासत में ले लिया।

लोकल ट्रेन में हुआ था विवाद

पुलिस के अनुसार, मंगलवार रात चर्चगेट-नालासोपारा फास्ट लोकल ट्रेन के प्रथम श्रेणी डिब्बे में यात्रा के दौरान आरोपी और 22 वर्षीय मयंक लोहार के बीच ट्रेन का दरवाजा बंद करने को लेकर विवाद हुआ था।

जांच एजेंसियों के अनुसार, विवाद के दौरान आरोपी ने कथित रूप से चाकू से हमला किया, जिससे मयंक गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

बोरीवली से मीरा रोड पहुंचा आरोपी

पुलिस जांच में सामने आया कि घटना के बाद आरोपी बोरीवली स्टेशन पर ट्रेन से उतरकर भीड़ का फायदा उठाते हुए वहां से निकल गया। इसके बाद वह ऑटो रिक्शा से अपने मीरा रोड स्थित घर पहुंचा।

पुलिस के मुताबिक, घर पहुंचने के बाद उसने कपड़े बदले, सामान पैक किया और परिवार को जल्द लौटने की बात कहकर वहां से निकल गया।

पनवेल से शहर छोड़ने की थी तैयारी

जांच में पता चला कि आरोपी पनवेल पहुंचने के बाद वहां से मंगलुरु जाने की योजना बना रहा था। पुलिस के अनुसार, उसने बस का टिकट भी बुक किया था।

हालांकि, इससे पहले ही पुलिस उसकी लोकेशन तक पहुंच गई और उसे पनवेल रेलवे स्टेशन से हिरासत में ले लिया।

400 सीसीटीवी कैमरों से मिला सुराग

मामले की जांच के दौरान पुलिस ने चर्चगेट से नालासोपारा तक रेलवे स्टेशनों पर लगे करीब **400 सीसीटीवी कैमरों** की फुटेज खंगाली।

जांच में एक फुटेज में आरोपी की शर्ट पर उसकी कंपनी का लोगो दिखाई दिया। इसी सुराग के आधार पर पुलिस संबंधित कंपनी तक पहुंची और वहां से आरोपी की पहचान, पता और अन्य जानकारी जुटाई।

तकनीकी निगरानी और लोकेशन ट्रैकिंग की मदद से पुलिस ने पनवेल में उसकी मौजूदगी की पुष्टि की।

पनवेल स्टेशन से हुई गिरफ्तारी

बोरीवली जीआरपी की टीम बुधवार दोपहर पनवेल रेलवे स्टेशन पहुंची, जहां आरोपी को बैठा हुआ पाया गया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर बाद में औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार, पूछताछ के दौरान आरोपी ने घटना से जुड़े कई सवालों के जवाब दिए। मामले की जांच अभी जारी है।

पुलिस कर रही है आगे की जांच

जांच एजेंसियां घटना में इस्तेमाल किए गए हथियार, आरोपी की गतिविधियों और पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जांच कर रही हैं। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि आरोपी के पास चाकू कैसे पहुंचा और घटना से पहले उसकी गतिविधियां क्या थीं।

फिलहाल आरोपी पुलिस हिरासत में है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.